इस साल भारत में लैपटाप बनाना शुरू कर देगी सैमसंग

गुरुग्राम, प्रेट्र: दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रानिक कंपनी सैमसंग इस साल भारत स्थित अपने नोएडा संयंत्र में लैपटाप बनाना शुरू कर देगी। भारत दौरे पर आए सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स के प्रेसिडेंट और मोबाइल एक्सपीरियंस (एमएक्स) बिजनेस के प्रमुख टीएम रोह ने कहा कि मैन्यूफैक्चरिंग के लिहाज से कंपनी के लिए भारत एक प्रमुख स्थान है और लैपटाप बनाने के लिए तैयारियां पहले से ही चल रही हैं।

रोह ने कहा कि कंपनी को राज्य व केंद्र सरकार से हर समर्थन मिला है और कंपनी भारत में मैन्यूफैक्चरिंग बढ़ाने के लिए सरकार के साथ सहयोग जारी रखेगी। हाल में कंपनी ने अपना फ्लैगशिप गैलेक्सी एस24 स्मार्टफोन लांच किया है। कंपनी ने कहा है कि वह अपने नोएडा स्थित कारखाने में गैलेक्सी एस24 का भी निर्माण करेगी। इसी के साथ सैमसंग ने इस साल 'गैलेक्सी एआइ' को 10 करोड़ मोबाइल में उपलब्ध कराने का भी एलान किया है।